तापमान
अधिकतम 36.4 डिग्री
न्यूनतम 23.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 सितंबर 2025

12 कांग्रेस कार्यकर्ताओं का छलका दर्द, बोले...

12 योग साधक मीनाक्षी वालिया ने चेस चैंपियनशिप ..


## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन के बाहर व्यक्ति का शव मिला

**घरौंडा।** रेलवे स्टेशन के बाहर सोमवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वह कबाड़ उठाने का कार्य करता था।

सुबह टहलने निकले लोगों ने रेलवे स्टेशन के समीप सड़क किनारे रखी सार्वजनिक बैंच पर अधेड़ उम्र के व्यक्ति को अचेत अवस्था में देखा।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी व युवती की तलाश शुरू कर दी है। जिले के थाना छछरौली क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 21 वर्षीय बेटी गत 13 सितंबर की शाम को अचानक घर से लापता हो गई। उन्होंने उसकी तलाश की तो पता चला कि उनकी बेटी को अभिषेक नाम का युवक शादी का झांसा देकर कहीं अगवा करके ले गया है।

### आंगनबाड़ी केंद्र से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** गांव कुंजल जट्टान में चोरों ने आंगनबाड़ी का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरु कर दी। गांव कुंजल जट्टान निवासी अमीना बेगम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दोपहर के समय बच्चों की छुट्टी करके घर चली गई थी। सुबह के वक्त वह आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंची तो वहां से 15 किलो गेहूं, दो किलो सोयाबीन, सात किलो सोयाबडीए,आठ किलो कच्ची मुंगफली व हजारों रुपये की अन्य खाद्य सामग्री गायब थी। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### रिटायर्ड पुलिस संगठन कल करेंगे प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** रिटायर्ड पुलिस संगठन कुरुक्षेत्र से जुड़े सभी रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक संगठन के कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक के बाद जानकारी देते हुए। रिटायर्ड पुलिस संगठन कुरुक्षेत्र के प्रधान महेंद्र सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर राजेश कुमार जोकि कैथल में मोहित अग्रवाल एडिशन सेशन जज की अदालत में गवाही देने के लिए आया था। रिटायर्ड पुलिस संगठन कुरुक्षेत्र 17 सितंबर बुधवार को सुबह 10 बजे उपायुक्त कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेगा।

### पानीपतः बाइक के साथ चोर पकड़ा



**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने के आरोपी कुरुक्षेत्र पीपली निवासी आमिर खान पुत्र मेहरबान को गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना शहर में औदयोगिक क्षेत्र इंद्रा कॉलोनी निवासी आशीष पुत्र धर्मपाल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### बिलासपुर निवासी यमुना में डूब गया

**पानीपत।** पानीपत के गांव बिलासपुर निवासी जयवीर यमुना नदी के पानी में लापता हो गया। वहीं, जयवीर विवाहित है और एक बच्चे का पिता है। जयवीर के यमुना नदी के पानी में लापता होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू करवाई है। पुलिस चौकी इंचार्ज बलेश ने बताया कि जयवीर की यमुना नदी के पानी में तलाश की जा रही है।

---

**शहजादपुर अनाज मंडी में बवाल : धान की खरीद को लेकर किसान-आढ़ती भिड़े**

### 12 घंटे तक किसान हाईवे पर डटे रहे

# किसानों ने मंडी के गेटों पर ताले लगाकर हाईवे कब्जाया

*किसानों ने आढ़तियों के व्यवहार से निराश होकर रविवार रात 11 बजे अनाज मंडी के गेटों पर ताला जड़ दिया। समस्या का समाधान न होने पर रात में किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 72 पर बीच सड़क पर ट्रैक्टर ट्रॉलियां लगाकर हाईवे जाम कर दिया।*



- आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पर दुर्व्यवहार करने का आरोप
- एसडीएम के आश्वासन पर जाम खोलने को राजी हुए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

अनाज मंडी में धान की खरीद को लेकर किसान व आढ़ती भिड़ गए। इसी वजह से किसानों ने आढ़तियों के व्यवहार से निराश होकर रविवार रात 11 बजे अनाज मंडी के गेटों पर ताला जड़ दिया। समस्या का समाधान न होने पर रात में किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 72 पर बीच सड़क पर ट्रेक्टर ट्रॉलियां लगाकर हाइवे जाम कर दिया। हाइवे जाम होने से ट्रैफिक जाम हो गया। इसकी वजह से हाइवे पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। हालांकि पुलिस ने बाद में वैकल्पिक सड़कों से वाहनों को निकाला। पुलिस और मार्केट कमेटी के अधिकारियों के समझाने के बावजूद किसान धान की खरीद को लेकर अड़े रहे। सोमवार दोपहर तक किसान हाइवे पर जाम लगाकर बैठे रहे। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाया। करीब बारह घंटे के बाद किसान जाम खोलने को राजी हुए।



**शहजादपुर।** किसानों को समझाती एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

#### एसडीएम ने मध्यस्थता करते हुए दोनों ओर के लोगों को समझाया

एसडीएम ने मार्केट कमेटी कार्यालय में किसानों और आढ़तियों को बातचीत के लिए बुलाया। यहां आढ़तियों और किसानों के बीच जमकर बहसबाजी हुई। एक बार तो नौबत झगड़े तक आग गई। एसडीएम ने मध्यस्थता करते हुए दोनों ओर के लोगों को समझाया और समस्या का समाधान करने के लिए बोला। एसडीएम से बातचीत के दौरान किसानों ने कहा कि जब तक धान की सरकारी बोली शुरू नहीं होती है तब तक जो धान अनाजमंडी में आ रही है उसकी तुलाई व भराई करके मंडी में लगवाया जाए। बोली के समय इलेक्ट्रोनिक कांटे से तुलाई होनी चाहिए। प्रधान आढती एसोसिएशन अनाजमंडी शहजादपुर जगदीप सिंह बब्बू ने किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया था। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

#### किसानों में आढ़तियों के खिलाफ रोष व्यक्त किया

अनाजमंडी में धान की आवक शुरू हो गई। रविवार को भी कुछ किसान अपनी फसल लेकर अनाज मंडी पहुंचे थे। यहां आढ़तियों द्वारा फसल को सुखाना शुरू कर दिया गया। शाम को जब किसानों ने धान की तुलाई के लिए आढ़तियों को बोला तो उन्होंने तुलाई करने से मना कद दिया। इसके बाद किसानों और आढ़तियों में जमकर बहसबाजी हुई। किसानों में आढ़तियों के खिलाफ रोष व्याप्त हो गया। किसानों ने रविवार करीब आठ बजे अनाज मंडी के गेटों पर ताला जड़ दिया। किसानों का कहना था कि जिस आढ़ती ने किसानों के साथ गलत व्यवहार किया है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही यह मांग भी रखी जो किसान मंडी में अब तक अपनी फसल लेकर पहुंचे उसकी खरीद की जाए।

#### जाम से हाईवे पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई

अनाज मंडी में धान की खरीद को लेकर किसान व आढ़ती भिड़ गए। इसी वजह से किसानों ने आढ़तियों के व्यवहार से निराश होकर रविवार रात 11 बजे अनाज मंडी के गेटों पर ताला जड़ दिया। समस्या का समाधान न होने पर रात में किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 72 पर बीच सड़क पर ट्रैक्टर ट्रॉलियां लगाकर हाईवे जाम कर दिया। हाइवे जाम होने से ट्रैफिक जाम हो गया। इसकी वजह से हाइवे पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। हालांकि पुलिस ने बाद में वैकल्पिक सड़कों से वाहनों को निकाला। पुलिस और मार्केट कमेटी के अधिकारियों के समझाने के बावजूद किसान धान की खरीद को लेकर अड़े रहे। सोमवार दोपहर तक किसान हाइवे पर जाम लगाकर बैठे रहे।

#### करीब 12 घंटे के बाद किसान जाम खोलने को राजी हुए

एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाया। करीब बारह घंटे के बाद किसान जाम खोलने को राजी हुए। दरअसल पिछले कुछ दिनों से अनाजमंडी में धान की आवक शुरू हो गई। रविवार को भी कुछ किसान अपनी फसल लेकर अनाज मंडी पहुंचे थे। यहां आढ़तियों द्वारा फसल को सुखाना शुरू कर दिया गया। शाम को जब किसानों ने धान की तुलाई के लिए आढ़तियों को बोला तो उन्होंने तुलाई करने से मना कद दिया। इसके बाद किसानों और आढ़तियों में जमकर बहसबाजी हुई। किसानों में आढ़तियों के खिलाफ रोष व्याप्त हो गया। किसानों ने रविवार करीब आठ बजे अनाज मंडी के गेटों पर ताला जड़ दिया। किसानों का कहना था कि जिस आढ़ती ने किसानों के साथ गलत व्यवहार किया है।

---



**यमुनानगर।** ट्रेन की चपेट में आने से हुई युवक की मौत के मामले में परिजनों के ब्यान दर्ज करते हुए रेलवे पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सहारनपुर-अंबाला रेलवे मार्ग पर जगाधरी वर्कशॉप से दराजपुर रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे लाइन पार करते समय एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और मामले में कार्रवाई शुरू कर दी। राजकीय रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह उन्हें सूचना मिली थी कि जगाधरी वर्कशॉप से दराजपुर रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही वह अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे तो एक युवक का शव पूरी तरह से क्षत विक्षत हालत में पड़ा हुआ था। उन्होंने मृतक के बारे में आसपास के लोगों से पूछताछ की तो उसकी पहचान गांव हसनपुरा निवासी रवि (35) के रुप में हुई। मृतक की शिनाख्त होने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरू कर दी।

### *मोबाइल पर काम करके लाभ कमाने के नाम पर धोखाधड़ी, चार आरोपी गिरफ्तार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने मोबाइल पर काम करके लाभ कमाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र टीम ने मोबाईल पर काम करके लाभ कमाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में महीपाल वासी दही खेडा, सचिन वासी सालवा जिला जोधपुर, सुनील कासनिया वासी डिणरना जिला ब्यावर व राहुल वासी सामलपुरा जिला जयपुर राजस्थान को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र में दी अपनी शिकायत में विवेक वाधवानी वासी गनीयाल जिला चमौली उत्तराखंड हाल वासी एनआईटी कुरुक्षेत्र ने बताया कि 17 मई को अनजान कॉल आई। कॉल करने वाले ने उसको बताया कि वह उनके साथ काम करे तो उसको काफी लाभ होगा। हर महीने पर कमीशन अलग से मिलेगा इसके बाद फोन पर करने वाले ने जैसे उसको कहा उसने वैसा किया और उससे मुनाफा कमाने का लालच देकर करीब 63 हजार रुपये अपने खाते में जमा करवा लिए।

---

**इंजीनियर केवल व्यवसाय नहीं, राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम**

## देश की प्रगति में इंजीनियर्स की अहम भूमिकाः हरविंद्र कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि देश की प्रगति की रीढ़ में इंजीनियर का अहम योगदान होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में उन्नति के पथ पर अग्रसर है। इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। सडक़ , रेल व हवाई मार्ग की दिशा में मजबूत काम हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष सोमवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन के सभागार में रिटायर्ड इंजीनियर एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंजीनियर दिवस के कार्यक्रम पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। । इस अवसर पर उनके साथ धर्मपत्नी रेशमा कल्याण भी मौजूद रहीं। इस मौके पर उन्होंने 85 वर्ष व 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के इंजीनियरों को सम्मानित भी किया। यहां पहुंचने पर मुख्य अतिथि का इंजीनियर एसोसिएशन ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिन्नदन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर दिनेश जिंदल ने शिरकत की। विधानसभा अध्यक्ष कल्याण ने इस मौके पर भारत रत्न एम विश्वेश्वरैया को नमन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि एसोसिएशन द्वारा इंजीनियर दिवस पर यहां पर आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। कहा कि यहां पर आकर उन्हें आनंद की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि भारतरत्न एम विश्वेश्वरैया उच्च कोटि के इंजीनियर थे।



**अंबाला।** रिटायर्ड इंजीनियर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में बुजुर्ग इंजीनियर्स को सम्मानित करते विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण। फोटो : हरिभूमि

### गाड़ी सं. 64563 के लेट आने से नाराज यात्रियों ने जिंदल को सुनाया दुखड़ा

- ट्रेन लेट होने की वजह से जा चुकी प्राइवेट नौकरी

**बराड़ा।** बराड़ा- अंबाला से चंडीगढ़ के बीच यात्रा करने वाले हजारों दैनिक यात्रियों को इन दिनों भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे परेशानी दैनिक यात्रियों ने बीते दिवस यात्री धर्मवीर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद नवीन जिंदल से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। उन्हें लिखित में मांगपत्र भी सौंपा। उन्होंने बताया कि पहले सहारनपुर, यमुनानगर और अंबाला से चंडीगढ़ आने-जाने वाले सरकारी कर्मचारी, निजी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं व पीजीआई के मरीज ट्रेन नंबर 64563 पर निर्भर रहते थे। यात्रियों ने बताया कि पहले यह ट्रेन अंबाला कैंट से चंडीगढ़ के लिए अंबाला कैंट से सुबह 7:40 बजे समय पर चलती थी। जब से रेलवे मंडल ने अंबाला से इसका विस्तार रायपुर हिसार तक किया है। तब से यह ट्रेन देरी से स्टेशन पर पहुंचती है।

---

**ताबड़तोड़ गोलियां चलने से क्षेत्र में दहशत**

## शराब के ठेके व एक घर के बाहर नकाबपोश बदमाशों ने की फायरिंग

- दूसरा फायर करने लगे तो बंदूक अटक गई और जिंदा कारतूस मौके पर गिर गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

रविवार रात्रि लाडवा बस अड्डे के सामने बने शराब के ठेके पर सिल्वर रंग की सिप्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोश युवकों ने लगभग 11 बजे ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। करिंदा रमेश कुमार ने बताया कि रविवार रात तीन नकाबपोश युवक सिल्वर मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। वहीं घटना के बाद तीनों बदमाश मोटरसाइकिल पर सवार होकर वार्ड नंबर 12 पालिका बाजार के नीचे बढ़े और वार्डवासी अनिल चावला के घर के पास भी एक फायर किया। हालांकि, जब दूसरा फायर करने लगे तो उनकी बंदूक अटक गई और एक जिंदा कारतूस मौके पर गिर गया। इसके बाद तीनों बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस व डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची। सीन ऑफ क्राइम टीम ने मौके से ठेके से चार खोल व वार्ड 12 से एक जिंदा कारतूस बरामद कर सबूत जुटाए। वहीं लाडवा थाना प्रभारी जगदीश चंद ने बताया कि तीनों नकाबपोश युवकों की पहचान करने व उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है।



**लाडवा।** फायरिंग के बाद पुलिस जांच करती हुई। फोटो : हरिभूमि

---

**कार्यक्रम** | **श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित**

## सीएमई चिकित्सकों व शोधार्थियों को अद्यतन ज्ञान अर्जित करने का अवसरः प्रो. वैद्य करतार सिंह

### विशेषज्ञों ने अनुभवों और शोध निष्कर्षों का गंभीरता से अध्ययन करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि शालाक्य तंत्र आयुर्वेद की वह महत्वपूर्ण विभाग है, जिसके अंतर्गत कान, नाक, गला एवं नेत्र संबंधी रोगों का निदान और उपचार किया जाता है। उन्होंने कहा कि सतत चिकित्सा शिक्षा (उटए) जैसे कार्यक्रम चिकित्सकों और शोधार्थियों को अद्यतन ज्ञान उपलब्ध कराने के साथ-साथ परंपरागत आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय का अवसर भी प्रदान करते हैं। प्रो. धीमान ने प्रतिभागियों का आह्वान किया कि वे विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए अनुभवों और शोध निष्कर्षों का गंभीरता से अध्ययन करें और उन्हें व्यावहारिक चिकित्सा में प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि रोगियों को अधिकतम लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन चिकित्सा क्षेत्र में गुणवत्ता, शोध और व्यवहारिक दक्षता को नए आयाम प्रदान करते हैं। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, डीन एकेडमिक अफेयर प्रो. जितेश कुमार पंडा, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो.आशीष मेहता,शालाक्य तंत्र विभाग की चेयरपर्सन प्रो. आशु, प्रो. मनोज तंवर, प्रो. रविराज, प्रो. कृष्ण कुमार, प्रो. रविंद्र अरोड़ा और प्रो. दीप्ति पराशर और प्रो. नीलम समेत अन्य मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** प्रतिभागियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान।

#### लंबे समय तक ईयरफोन का इस्तेमाल घातक साबित हो सकता हैः प्रो. भारद्वाज

कार्यक्रम के पहले सत्र में राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला के शालाक्य तंत्र विभागाध्यक्ष प्रो. बिज्यंत भारद्वाज ने कर्णनाद (कान में आवाज आना) विषय पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आजकल लंबे समय तक ईयरफोन का इस्तेमाल करने वाले युवाओं में यह समस्या अधिक देखी जा रही है। इसके अलावा मानसिक रोग, अवसाद, आघात और एनीमिया भी इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में कर्णपूर्ण, बस्ति और औषधीय उपचार से कर्णनाद के मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलते हैं। अपने दूसरे सत्र में प्रो. भारद्वाज ने नाक से खून बहने (एपिस्टैक्सिस) पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह समस्या प्रायः आघात, ट्यूमर और उच्च रक्तचाप के कारण उत्पन्न होती है। समय रहते पहचान और उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

### मोहित हत्याकांड में पांच लोग पकडे

**पानीपत।** पानीपत के गांव रेरकलां के खेतों में बंधक बनाकर 21 वर्षीय मोहित की पीट पीट कर हत्या करने के केस में थाना सदर पुलिस ने रिंकू निवासी बतरा कॉलोनी, दीवान नगर कच्चा कैंप निवासी सुमित व विक्रम उर्फ विक्की, गांव दीवाना निवासी गगन व मुखिजा कालोनी निवासी युवराज को गिरफ्तार किया है। डीएसपी राजवीर सिंह ने बताया कि पांचों आरोपियों ने पहले गिरफ्तार हो चुके अपने चार साथी आरोपियों सुरेश, सौरभ उर्फ धोला, जतिन उर्फ चीता, राहुल उर्फ काला व फरार अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर मोहित की हत्या करना स्वीकारा है। वहीं, इस केस में थाना सदर में पसीना कला गांव निवासी अजय की शिकायत पर केस दर्ज है।



## खबर संक्षेप

### इनेलो की रैली का प्रचार किया

**पानीपत।** ताऊ देवी लाल की जयंती पर 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने जा रही रैली के लिए पार्टी नेताओं ने विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को न्यौता दिया। इस अवसर पर इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी, हेमराज जागलान, निशान मलिक, प्रवीन मलिक, रामकुमार सन्धू, धर्मवीर पाढ़ा, राजेन्द्र जागलान, लखपत रोड, सुरजीत सन्धू, रविन्द्र बिंझौल, राजू नानंदल डाहर, संदीप दहिया आदियाना, विजय दुहन, ओमप्रकाश शेरा, गुलाब रणबीर देशवाल व कपिल बुद्धितराज उपस्थित रहे।

### मिस इंटेलिजेंट बनी नैंसी

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह में नवागंतुक छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वहीं, खुशी मिस फ्रेशर, नैंसी मिस इंटेलिजेंट, अंशु मिस पर्सनालिटी, स्नेहा ऑल राउंडर चुनी गई । इस अवसर पर कॉलेज इंचार्ज डॉक्टर सुमन लता, प्रो रितु, प्रो मंजू, प्रो ज्योति आदि उपस्थित रही।

### मतदाता सूचियों का होगा विशेष गहन पुनरीक्षणः डीसी

**करनाल।** भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कराने का निर्णय लिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि वर्ष 2002 और 2024 की मतदाता सूचियों का मिलान किया जाएगा। इसके लिए 1 जनवरी 2026 को क्वालीफाइंग डेट तय की गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका शर्मा, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम इंद्री अशोक मुंजाल, एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी, एसडीएम नीलोखेड़ी अशोक कुमार, एसडीएम असंध राहुल तथा तहसीलदार सुदेश राणा मौजूद रहे।

### एसडीएम ने सीएचसी संचालकों पर शिकंजा कसा

**घरौंडा।** शहर के एसडीएम राजेश सोनी ने शहर के मुख्य मार्गों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए एक अभियान चलाया था। जिस अभियान में काफी सफलता मिली है। अब एसडीएम ने सीएचसी संचालकों पर शिकंजा कस दिया है। जोकि एक सहरानीय कदम बताया जा रहा है , क्योंकि सीएचसी संचालक उपभोक्ताओं से मनमाने तरीके से पैसे वसूलते हैं।

### विद्यार्थियों को समझाया हिंदी भाषा का महत्व

**रादौर।** श्यामा पब्लिक स्कूल धौडंग में हिंदी पखवाड़ा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या मनीषा ने बच्चों को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। विद्यार्थियों की बोलचाल और लेखन में अच्छी पकड़ होनी चाहिए।

---

### नगर निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बढ़ा दी सख्ती

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर निगम की सख्ती, 13 चालान से 20,500 जुर्माना

**लगभग 14 किलोग्राम एसयूपी सामग्री जब्त की गई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सोमवार को निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देश पर एन्फोर्समेंट टीम ने सेक्टर-7 मार्केट में छापेमारी की। इस दौरान 13 दुकानदारों के चालान कर 20,500 रुपये जुर्माना वसूला गया और लगभग 14 किलोग्राम एसयूपी सामग्री जब्त की गई।

डॉ. शर्मा ने कहा कि निगम बार-बार दुकानदारों व नागरिकों को कम्पोस्टेबल कैरीबैग और कटलरी अपनाने के लिए जागरूक कर चुका है। यदि कोई दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करता है तो उसका चालान किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 100 ग्राम से लेकर 10 किलोग्राम से अधिक तक की प्लास्टिक पर 500 रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना तय है। कार्रवाई के दौरान सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह, संदीप कुमार, सहायक निरीक्षक प्रवेश कुमार, गुलाब सिंह तथा निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम मौजूद रही। नगर निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी।

---

# स्वदेशी संकल्प यात्राएं 21 को निकाली जाएंगीः चावला

### स्वदेशी सुरक्षा और उद्यामिता अभियान पिछले तीन माह से पूरे देश भर में चल रहा



■ इंद्री में 17 सितंबर को शहीद ऊद्यम सिंह चौक से यात्रा शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्वदेशी और उद्यमिता की भावना को जन जन तक ले जाने के लिए स्वदेशी जागरण मंच द्वारा करनाल जिले में स्वदेशी संकल्प यात्राएं निकाली जाएंगी। इसके लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसका आगाज 17 सितंबर को इंद्री से होगी। उसके बाद घरौंडा, करनाल इंद्री असंध नीसिंग नीलोखेड़ी तरावड़ी में स्वदेशी संकल्प यात्राएं निकाली जाएंगी। यह स्वदेशी स्वदेशी जागरण मंच के पालकों के राष्ट्रीय पालक सतीश चवला और प्रदेश संयोजक सुरेश पुरी ने दी। उन्होंने बताया कि

■ देश भर में स्वदेशी मेले लगाए जाएंग

स्वदेशी सुरक्षा और उद्यामिता अभियान पिछले तीन माह से पूरे देश भर में चल रहा हैं। इस अभियान के तहत करनाल जिले में लाखों लोगों तक इस अभियान को पहुंचाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से दैनिक जीवन में स्वदेशी बस्तुओं का प्रयोग तथा युवाओं को नौकरी देने वाला बनाने का संदेश दिया हैं। इस संदेश को जन जन तक पहुंचाना ही इस यात्रा का उद्देश्य हैं। उन्होंने बताया है कि इंद्री में 17 सितंबर को शहीद ऊद्यम सिंह चौक से यात्रा शुरू होगी। उन्होंने बताया कि देश भर में स्वदेशी मेले भी लगाए जाएंगे। करनाल में भव्य ढंग से मेला लगाया जाएगा। इसमें स्वदेशी और लोकल फोर वोकल की भावना को बढ़ाया जाएगा।

इन मेलों में लोकल कंपनियों को एक्सपोजर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वदेशी की भावना देश को मजबूत करेगी। उन्होंने बताया कि अपने देश को मजबूत करने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी सुरक्षा और उद्यामिता विकास की भावना को घर घर तक ले जाना जरूरी है।

---

# सेवा पखवाड़ा में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें: जगमोहन आनंद

■ कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे अधिक से अधिक आमजन को जोड़ें

*दिव्यांगों को उपकरण वितरण जैसे आयोजन होंगे*




हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भाजपा कार्यालय करण कमल में सेवा पखवाड़ा को लेकर विशेष बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने की। इसमें विधायक जगमोहन आनंद, सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक यशपाल ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सुखीजा, जिला महामंत्री मानव पुरी, सुभाष कश्यप, मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, मोहन लोधी, मोहित सचदेवा, गौरव खुराना सहित वरिष्ठ नेता शामिल रहे। विधायक आनंद ने कहा कि सेवा पखवाड़ा राजनीति का असली उद्देश्य यानी जनता की सेवा का प्रतीक है। कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे अधिक से अधिक आमजन को जोड़ें। जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपना जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित किया है। इसलिए सेवा पखवाड़ा उनके जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का अवसर है।

संयोजक यशपाल ठाकुर ने बताया कि इस पखवाड़े में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर प्रदर्शनी, वृक्षारोपण कार्यक्रम, खिलाड़ियों व शिक्षकों का सम्मान, दिव्यांगों को उपकरण वितरण जैसे आयोजन होंगे।

---

# संगठन की मूल भावना के अनुरूप कार्य करना ही कार्यकर्ता का धर्म : सुरेश जैन

■ बैठक में प्रदेश की 43 शाखाओं से लगभग 250 दायित्वधारी उपस्थित रहे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत विकास परिषद हरियाणा उत्तर की प्रथम प्रांतीय परिषद की बैठक श्री कृष्णा मन्दिर, सेक्टर-14, करनाल में कर्ण शाखा के संयोजन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश की 43 शाखाओं से लगभग 250 दायित्वधारी उपस्थित रहे। बैठक में भाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। कार्यक्रम मे मार्गदर्शन क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. परमजीत पाहवा ने प्रदान किया तथा क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव दीपक राय आनन्द की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने की। बैठक का शुभारम्भ विधिवत दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात सभी जिला समन्वयकों ने अपनी-अपनी शाखाओं का परिचय प्रस्तुत किया। प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने बैठक के उद्देश्य व महत्व पर प्रकाश डाला जबकि क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. परमजीत पाहवा ने अपने उद्बोधन में परिषद की रीति-नीति और कार्यपद्धति पर विस्तार से विचार रखे। भी जिला समन्वयकों ने अपने-अपने जिलों की शाखाओं द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रांतीय महासचिव अतुल गोयल ने पीपीटी के माध्यम से प्रांत की विभिन्न शाखाओं की गतिविधियों का प्रदर्शन किया। चाय के उपरांत आयोजित सत्र में सभी दायित्वधारियों का मार्गदर्शन राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दायित्वधारीगणों द्वारा किया गया। बैठक के दौरान कर्ण शाखा की महिलाओं ने एक जैसी साड़ियां पहनकर एकरूपता और अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन किया। साथ ही जब दायित्वधारियों की बैठक चल रही थी, उस समय शाखा की महिलाओं ने मंदिर प्रांगण में 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ कर आध्यात्मिक वातावरण को और भी पावन बनाया। उन्होंने मंदिर से सम्बद्ध कृष्णा गौशाला की गायों को हरा चारा खिलाकर समय का सदुपयोग और सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव दीपक राय आनन्द ने सभी दायित्वधारियों को उनके दायित्व बोध से अवगत कराया। इसके पश्चात प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने बैठक की कार्यवाही का संक्षेप प्रस्तुत किया।

**शंकाओं का समाधान किया**

कार्यक्रम में मंच संचालन का दायित्व प्रांतीय महासचिव अतुल गोयल व शाखा सदस्य डॉ. आशीष पसरीचा ने कुशलता से निभाया। क्षेत्रीय संयोजक हरिओम भारद्वाज, कमलेश गर्ग, डॉ. सतीश वर्मा सहित प्रांतीय पदाधिकारियों ने उपस्थितजनों की शंकाओं का समाधान किया।

---

# साइबर धोखाधड़ी से बचाव के प्रभावी उपाय बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



डॉ. गणेश दास डी.ए.वी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वीमेन, करनाल की कॉमर्स एसोसिएशन ने को "वित्तीय जागरूकता एवं साइबर अपराध" विषय पर एक ज्ञानवर्धक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। यह व्याख्यान वित्त और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. जयपाल जिंदल द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य "शिक्षित करें, सशक्त बनाएं और सुरक्षित रखें" था, जिसका लक्ष्य छात्र-शिक्षकों को वित्तीय साक्षरता का आवश्यक ज्ञान प्रदान करना और उन्हें बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सतर्क बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. राकेश संधू द्वारा मुख्य वक्ता का गर्मजोशी से स्वागत करने के साथ हुई। उन्होंने डॉ. जिंदल को सम्मान और कृतज्ञता स्वरूप एक पौधा भेंट किया। डॉ. जिंदल ने एक जानकारीपूर्ण पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से छात्र-शिक्षकों को समझदार वित्तीय व्यवहार के बारे में जागरूक किया और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के प्रभावी उपाय बताए। वास्तविक जीवन के उदाहरणों और संवादात्मक शैली ने सत्र को और भी रोचक एवं व्यावहारिक बना दिया। इसके बाद एक उत्साहपूर्ण प्रश्नोत्तर सत्र हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने ऑनलाइन लेन-देन, वित्तीय योजना और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर अपने प्रश्न पूछे और समाधान प्राप्त किए।

**सुरक्षित वित्तीय प्रथाएं अपनाने का आह्वान किया**

अंत में, प्राचार्या डॉ. राकेश संधू ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्रों से सतर्क रहने और अपने दैनिक जीवन में सुरक्षित वित्तीय प्रथाएं अपनाने का आह्वान किया। यह कार्यक्रम कॉमर्स एसोसिएशन की प्रभारी सुश्री शिवा शर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा इसकी प्रासंगिकता और उपयोगिता के लिए सभी प्रतिभागियों द्वारा सराहा गया।

---

# प्रतियोगिता में वंशिका ने पहला और सेंजल ने दूसरा स्थान हांसिल किया

*राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा में मना हिंदी दिवस*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा में प्राचार्या कमलेश रानी के योग्य नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में हिंदी विभाग के सौजन्य से महत्वपूर्ण दिवस समारोह संयोजक डॉ. सतीश कुमार के सार्थक प्रयासों से हिन्दी दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में हिंदी कविता एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने खूब बढ़ - चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। मंच का सफल संचालन डॉ. विक्रम सिंह द्वारा किया गया। कविता पाठ प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा वंशिका ने प्रथम स्थान, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सेजल ने द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष की ही छात्रा स्वाति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सोनिया प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सोनिया द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष की ही छात्रा खुशबू तृतीय स्थान पर रही। ममता रानी, डॉ. हितेंद्र कुमार, संदीप कुमार, डॉ. मीतु चावला, अपूर्वा निर्णायक मंडल की भूमिका में रहे। इस अवसर पर श्रीमती दीपा ढुल एवं श्री पवन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

---

# सेवा पखवाड़ा समाज सेवा का प्रतीकः विधायक योगेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ असंध विधानसभा के जूंडला गांव में बैठक हुई

आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर असंध विधानसभा के जूँडला गांव में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विधायक एवं प्रदेश संयोजक सेवा पखवाड़ा योगेन्द्र राणा ने की। इसमें सभी मंडलों के मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष और महामंत्री मौजूद रहे। राणा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज सेवा की जीवंत मिसाल है। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती तक चलेगा। उन्होंने पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना और समाज में सेवा भावना को सशक्त करना है।

---

# लॉन टेनिस में स्वर्ण जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान



■ विधायक जगमोहन आनंद ने खिलाई मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने सोमवार को जिले की लॉन टेनिस टीम को स्वर्ण पदक जीतने पर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को मिठाई खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।यमुनानगर में आयोजित हरियाणा राज्य विद्यालय क्रीड़ा लॉन टेनिस प्रतियोगिता (अंडर-14) में करनाल की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसमें गौरिश राणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके साथियों साधिक मेहरा, आरव कश्यप और युवेन अरोड़ा ने भी टीम की जीत में अहम योगदान दिया। कोच आकाश नागर के मार्गदर्शन को भी विधायक ने सराहा।विधायक आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा बनाई गई योजनाओं से खिलाड़ियों को बड़ा लाभ हो रहा है। हरियाणा में खिलाड़ियों को देश की सबसे अधिक इनामी राशि दी जाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये खिलाड़ी भविष्य में न केवल करनाल, बल्कि हरियाणा और भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।

---

### पुतले तैयार करने का ऑर्डर दिया

# रानी तालाब मैदान में होगा रावण दहन, दशहरा पर्व की तैयारियां शुरू



रानी तालाब के कार्य का दिशा निर्देश देते सचिव अजीत कुमार, पार्षद नरेश गाबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

■ ठेकेदार की टीम मिट्टी समतल करने और झाड़ियां हटाने का कार्य कर रही

नगर पालिका की ओर से दशहरा पर्व मनाने के लिए गोगामेड़ी के पास रानी तालाब के मैदान को निर्धारित किया गया है। इसके तहत तालाब की सफाई, खुदाई और पानी निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने का कार्य ठेके पर दिया गया है। बीते तीन-चार दिन से ठेकेदार की टीम मिट्टी समतल करने और झाड़ियां हटाने का कार्य कर रही है।

सोमवार को नगर पालिका सचिव अजीत कुमार, पार्षद नरेश गाबा, कमल जांगड़ा व भरत शर्मा ने मौके पर जाकर कार्य की प्रगति देखी और समय रहते तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। नगरपालिका सचिव ने बताया कि अबकी बार दशहरा पर्व पर रावण दहन के लिये रानी तालाब की जगह निर्धारित की गई है। इस जगह की सफाई के लिये का कार्य ठेके पर दिया गया है। ठेकेदार द्वारा इसमे से मिटटी, गंदा पानी व झाड़ियां हटाने का कार्य करेगा। इस कार्य को देखने के लिये पार्षदों सहित इसका मुआयना करने आये है।

## खबर संक्षेप

### शिविर में प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जनता समाधान शिविर में सोमवार को जिला सचिवालय में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि हर अधिकारी को जिम्मेदारी से शिकायतों का निस्तारण करना चाहिए। शिविर में डीएसपी सतीश वत्स ने कहा कि पुलिस विभाग की ज्यादा जिम्मेदारी है। जो भी शिकायतें आम नागरिक द्वारा दी जाती है उन पर शीघ्रता से अधिकारियों को संज्ञान लेना चाहिए।

### बड़ौली में गणितीय पहेली विजेता पुरस्कृत

**पानीपत।** राजकीय स्कूल गांव बड़ौली में गणित विषय को पढ़ाने और समझाने के लिए रोचक तरीका अपनाया जा रहा है। जिसके तहत गणित प्राध्यापिका दीपिका धवन ने विद्यालय में गणितीय पहेली कोना बनाया हुआ है। वहीं, हर गणितीय पहेली को सबसे पहले सुलझाने वाले विद्यार्थी को पुरस्कृत किया जाता है। इधर, प्राचार्य ओम सिंह राणा ने विजेता विद्यार्थियों तनीषा, सावन, अनिकेत, नेहा को पुरस्कृत किया।

### विशेष यात्रा 25 अक्टूबर को अमृतसर से होगी शुरू

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड यात्रियों के लिए एक बार फिर से विशेष धार्मिक और पर्यटन पैकेज लेकर आया है। इस बार भारत गौरव स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन के जरिए श्रद्धालुओं को एक साथ चार ज्योतिर्लिंग दर्शन और विश्व प्रसिद्ध स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का सौभाग्य मिलेगा। वहीं, यह विशेष यात्रा 25 अक्टूबर को अमृतसर से शुरू होकर दो नवंबर 5 को अमृतसर लौटेगी।

### राष्ट्रीय पोषण माह कल से शुरू

**पानीपत।** जिला कार्यक्रम अधिकारी परमिंदर कौर ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस माह का आठवां संस्करण 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान शुन्य से छह वर्ष तक के बच्चों का उंचाई, वजन और स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी आयोजित किया जाएगा। यह कार्य स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया जाएगा। वहीं, विशेष कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के तहत जिलेभर में पेड़ लगाए जाएंगे।

### राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज का आयोजन

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज का आयोजन हुआ। जिसमें देशभर से कुल 810 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जबकि क्विज का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने किया। इधर, क्विज में प्रथम युवराज सिंह डी.ए.वी. कॉलेज, चंडीगढ़, द्वितीय अर्जलि कौशिक जी.वी.एम. गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत, गणिशा आई.बी. कॉलेज, पानीपत तृतीय रही।

### रामलीला का मंचन 21 सितम्बर से

**पानीपत।** हैदराबादी रामलीला ग्राउंड में बैठक प्रधान कोटू जुनेजा की अध्यक्षता में हुई। प्रधान कोटू जुनेजा ने बताया कि रामलीला के डायरेक्टर भूषण वधवा एवं जवाहर जुनेजा को 25 साल से डायरेक्टर की सेवा कर रहे है। क्लब उनकी सेवा की सिल्वर जुबली मनाने जा रही है। बैठक में सभी सदस्यों ने अपनी-अपनी ड्यूटिया स्वीकार की। महासचिव कृष्ण वधवा ने बताया कि रामलीला 21 सितंबर से प्रारंभ होगी।

### नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** नशा मुक्ति समाज सुधार समिति ने अपने जन-जागरण अभियान के तहत हनुमान कॉलोनी और महादेव कॉलोनी में नशे के विरुद्ध जागरूकता किया। अभियान में समिति के संयोजक सतपाल राणा, उप प्रधान संतोष शर्मा, जसबीर राणा, संजय, मनोज जोगी, विकास अग्रवाल, नेत्रपाल, नरेंद्र कबीरपंथी, मांगेराम गुप्ता, राज सिंह, मनोज गुप्ता, राज सिंह कश्यप, बदन सिंह यादव, सोनू सैनी, प्रताप आदि ने भाग लिया।

## ई कॉमर्स पर राष्ट्रस्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# डिजिटल मार्केटिंग से उत्पादन को बढ़ाएं उद्यमी: संजीव चावला

मीनू धीमान, सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यलिय करनाल ने मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथि अधिकारियों का स्वागत किया।



**पानीपत।** संजीव चावला संबोधन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अशोक शर्मा ▶▶ समालखा

भारत सरकार (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय) के एमएसएम ई-विकास कार्यालय, करनाल द्वारा सोमवार को अशोक सिंघल सभागार, सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र, समालखा, पानीपत में एक्सपोर्ट डाक्यूमेंटेशन डिजिटल मार्केटिंग एंड ई कॉमर्स विषय पर एक राष्ट्र स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वहीं, मीनू धीमान, सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय करनाल ने मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथि अधिकारियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया। जबकि कार्यक्रम का उद्घाटन संजीव चावला, अपर विकास आयुक्त, एमएसएमई विकास कार्यालय करनाल द्वारा किया गया।

### विभाग की योजनाओं के बारे में बताया

इधर, तकनीकि सत्र के प्रथम चरण में एचपी सिंह, निदेशक, एक्सपोर्ट मैनेजमेंट एंड सर्विस इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली द्वारा प्रतिभागियों को बताया गया कि वह एक्सपोर्ट कि शुरुवात किस प्रकार कर सकते है और विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। तत्पश्चात अरुण नरूला, निजी सचिव, सदस्य, बिजनस एक्सीलेंस सपोर्ट टीम, डीजीएफटी पानीपत द्वारा बताया गया कि किस देश में किस प्रकार के निर्यात के विकल्प है और लाइव डेमो भी दिया गया। ओपिंदर सिंह, कार्यकारी निदेशक, पंजाब चौम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, जालंधर द्वारा अपने संबोधन में एक्सपोर्ट क्रेडिट गरेंटी योजना व निर्यात किये जाने वाले उत्पादों के इंशौरेन्स से सम्बंधित विकल्पों और योजनाओं की जानकारी प्रतिभागियों को दी। तकनीकि स्तर के दुसरे चरण में आकाश शर्मा, डिजिटल मार्केटिंग फैकल्टी द्वारा उत्पाद की मार्केटिंग हेतु डिजिटल हैंडल्स के प्रयोग करने से सम्बंधित जानकारी प्रतिभागियों को दी। इधर, तकनीकि सत्र के तीसरे चरण में (गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस) जेम से प्रियम्वदा अग्रवाल, व्यापर ट्रेनर द्वारा जेम के माध्यम से किस प्रकार पोर्टल पर पंजीकरण किया जा सकता है पूरी प्रक्रिया का लाइव डेमो के साथ प्रतिभागियों को बताया।

### प्रतिभागियों को जानकारी दी

विकास जांगड़ा, उपनिदेशक, जिला एमएसएमई केंद्र, पानीपत ने हरियाणा सरकार की एमएसएमई स्कीमों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। जबकि तकनीकि सत्रों के पश्चात प्रशनकाल सत्र के दौरान प्रतिभागियों द्वारा अपनी समस्याओं को अतिथि अधिकारियों के समक्ष रखा गया और समस्याओं के निपटान पर चर्चा की गयी। अंत में शुभ आदेश मित्तल, प्रधान, लघु उद्योग भारती, हरियाणा ने उपस्थित सभी अधिकारीयों का धनयवाद किया। इस कार्यक्रम में मुकेश वर्मा, सहायक निदेशक, हरपाल सिंह, सहायक निदेशक, बलबीर सिंह, सहायक निदेशक, राजेश कुमार, तकनीकी सहायक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में लगभग 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रमन सलूजा, लघु उद्योग भारती से मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

### उद्यमियों को जागरूक किया

संजीव चावला ने अपने संदेश के दौरान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की सरकारी खरीद पालिसी के अंतर्गत गवर्नमेंट ई मार्केट प्लेस (जेम) के माध्यम से अपने उत्पादों की मार्केटिंग किस प्रकार की जा सकती है से संबंधित विषय पर उद्यमियों को जागरूक किया और एमएसएमई किस प्रकार एक्सपोर्ट को बढ़ावा दे सके और किस प्रकार डिजिटल मार्केटिंग का लाभ लेकर उत्पादकता को बढ़ावा दे सके से सम्बंधित जागरूक कराया।

## टीनू पोसवाल ने की बैठक की अध्यक्षता

# अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर हो नारी शक्ति : पोसवाल


**पानीपत।** जिला सचिवालय में बैठक को संबोधित करते हुए नगराधीश टीनू पोसवाल। फोटो : हरिभूमि

- पानीपत में 17 सितंबर से एक अक्टूबर तक चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत विशेष टीकाकरण सप्ताह की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता नगराधीश टीनू पोसवाल ने की। मेडिकल ऑफिसर नवमीत ने कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई। वहीं, पोसवाल ने कहा कि महिला का स्वास्थ्य ही परिवार और समाज की मजबूती की असली कुंजी है। यदि नारी स्वस्थ रहती है, तो परिवार स्वतः ही सशक्त, सक्षम और खुशहाल बनता है। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी से कार्य करने और अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 17 से 27 सितंबर तक यह विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सही पोषण, नियमित जांच, टीकाकरण, एनीमिया एवं अन्य बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ महिला आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी होती है तथा पूरे समाज की प्रगति का आधार बनती है। जबकि सीएमओ डॉ. विजय मलिक ने बताया कि दो से पांच वर्ष तक के बच्चों सहित बड़ी आयु के बच्चों का भी टीकाकरण किया जाएगा। जबकि साथ ही प्राइवेट अस्पतालों को भी टीकाकरण का ब्यौरा विभाग को देना होगा ताकि जिले का संपूर्ण रिकॉर्ड तैयार हो सके।

### स्वच्छता श्रमदान किया

**पानीपत।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत ऐतिहासिक नगरी पानीपत के वार्ड छह में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने झाड़ू उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया व साफ सफाई की। वहीं, मिशन के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ रखेंगे तो न केवल बीमारियों से बचाव होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बेहतर वातावरण तैयार होगा।

# नारी तू नारायणी ने शिक्षित बेटी सुरक्षित बेटी अभियान चलाया


**पानीपत।** राजकीय स्कूल, सौंधापुर के विद्यार्थियों को नारी तू नारायणी उत्थान समिति की पदाधिकारीगण जागरूक करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

नारी तू नारायणी उत्थान समिति द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान व शिक्षित बेटी सुरक्षित बेटी अभियान के तहत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंधापुर के विद्यार्थियों को जागरूक किया। स्कूल की प्राचार्या अलका लांबा ने समिति द्वारा चलाए गए अभियान की सराहना करते हुए कहा कि समाज में बढ़ रहे अपराध को देखते हुए आज हर बेटी को अपने अधिकारों को जानना बहुत जरूरी है। समिति की अध्यक्ष सविता आर्य ने कहा कि समिति विभिन्न स्कूलों और कालेजों में जाकर लड़कियों से बातचीत कर रही है। छात्राओं से छेड़छाड़ व शोषण के खिलाफ निडर होकर अपनी आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। समिति का लक्ष्य है कि हर लडक़ी खुद को सुरक्षित महसूस करे और बिना डर के अपनी आवाज उठा सके। यह अभियान न केवल लड़कियों को सशक्त बना रहा है बल्कि समाज में छेड़छाड़ और शोषण जैसी बुराइयों के खिलाफ एक मजबूत संदेश भी दे रहा है तथा प्रधानमंत्री द्वारा चलाए गए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को आगे बढ़ा रहा है। समिति सचिव नीता रानी ने बताया कि समिति बच्चों को नशे से होने वाली बुराइयों से अवगत कराती है। मेडम शिखा ने नशे के खिलाफ शपथ दिलाई।

### अधिकारों के लिए एकजुट हो जाट: प्रताप

**पानीपत।** इसराना स्थित चौधरी छोटू राम किसान भवन में अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति की बैठक हुई। । बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया ने समाज की एकता पर जोर दिया। दहिया ने कहा कि 2016 में जाट आरक्षण का मुद्दा उठाया गया था, लेकिन सरकार ने जाति का जहर घोलकर समाज को बांटने का काम किया। उन्होंने कहा कि बिना 36 बिरादरी के भाईचारे के कोई मकसद पूरा नहीं हो सकता। राष्ट्रीय अध्यक्ष दहिया ने बताया कि रोहतक में दीनबंधु सर छोटू राम के नाम से एक धाम का निर्माण हो रहा है। इस धाम के लिए 25 एकड़ जमीन में शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए गए हैं। यह धाम स्वर्ण मंदिर की तरह एक पवित्र स्थल बनेगा। प्रताप ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सर छोटू राम धाम में उच्च शिक्षा के कॉलेज स्थापित किए गए हैं। इधर, बैठक में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष गंगाराम श्योराण, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र मलिक, राजकुमार मलिक, मास्टर सूरजमल सिंह, दिलबाग ढोचक, शमशेर पूनिया, जोगिंदर सिंह जागलान, रामपाल चहल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पानीपत की चारों विस क्षेत्रों के 912 बीएलओ को दिए पहचान पत्र

- पानीपत सिटी, रूलर, इसराना समालखा के पोलिंग स्टेशन व मतदाता सूची की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त व नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीनिवासन ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पानीपत में चुनावी तैयारियों की समीक्षा की और विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने विधानसभावार पोलिंग स्टेशन, नए प्रस्तावित मतदान केंद्र, बीएलओ और सुपरवाइजरों की नियुक्ति, बीएलओ को पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाने जैसे कई मुद्दों पर जानकारी ली।

इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त एवं निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को आश्वस्त किया कि मतदाता सूचियों का मिलान कर बीएलओ को वितरित कर दिया गया है और सभी कार्य सुचारू रूप से चल रहे हैं। इधर, निगम आयुक्त ने बताया कि 100 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं का सत्यापन कर लिया गया है।

अब तक 167 फॉर्म की एंट्री ई-यूरो नेट पर की गई है, जिसमें से 80 का निपटारा हो चुका है। वर्तमान में जिले में चारों विधानसभाओं के लिए 912 मतदान केंद्र और 912 बीएलओ कार्यरत हैं। सभी को प्रिंटेड आई-कार्ड उपलब्ध करा दिए गए हैं। इस अवसर पर एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार और एसडीएम इसराना नवदीप नैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विश्व का सबसे बड़ा व सफल लोकतांत्रिक देश है भारत: आचार्य वेद


**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में पहुंचे अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** आर्य बाल भारती विद्यालय में विश्व लोकतंत्र दिवस मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि देवऋषि विद्यापीठ, नंदगढ़ (जींद) के संचालक वेद मित्र रहे। जबकि एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के जिला संयोजक ईश कुमार राणा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक रामपाल आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उप प्राचार्य जगदीश चहल ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे सफल लोकतंत्र विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें हिंदुस्तान एंड गाइड ने प्रथम, ऋषि दयानंद सदन ने दूसरा और स्वामी श्रद्धानंद सदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आचार्य वेद मित्र को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। इधर, आचार्य वेद मित्र ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा महान लोकतंत्रिक देश है। वहीं, जब भारत के लगभग सभी निकटवर्ती देशों में उपद्रवियों ने तख्तापलट किया है, जबकि भारत का लोकतंत्र अब अडिग होकर खड़ा है।

# हिंदी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है: डॉ. दत्त

- आर्य कॉलेज में हिंदी भाषा पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग के उपक्रम हिंदी साहित्य परिषद द्वारा हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर 'प्रौद्योगिकी में हिंदी भाषा' पर व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय करनाल के हिंदी विभाग से एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. सुनील दत्त ने कहा कि हिंदी भाषा निरंतर कई वर्षों से प्रचार प्रसार की भाषा रही है।

उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अत्यधिक विकसित हो रही है जिसमें बाज़ार प्रौद्योगिकी, सिनेमा प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरदर्शन प्रौद्योगिकी एवं अनुवाद प्रौद्योगिकी के रूप में निरंतर तकनीकी विकास हो रहा हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वैसे तो तकनीक का विकास आदिकाल से ही आरम्भ हो गया था। भाषा भी एक प्रकृति के समान है। वहीं, डॉ. दत्त का प्राचार्या डॉ. जगदीश गुप्ता ने स्वागत किया।

कार्यक्रम में डॉ. शालिनी, प्रो. कविता मलिक, प्रो गोपाल मलिक, विजय सिंह, डॉ. शालिनी, जनसंचार विभाग से डॉ. दिनेश गाहल्याण आदि उपस्थित रहे।


**पानीपत।** आर्य कॉलेज के शिक्षकगण, अतिथि डॉ. सुनील दत्त का स्वागत करते हुए।


**पानीपत।** पंजाब बाढ़ पीड़ितों के राहत सामग्री से लदे ट्रक को रवाना करते हुए भक्तजन।

### पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी

**पानीपत।** पंजाब और हरियाणा में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए पानीपत की साध संगत और विभिन्न संस्थाओं ने मिलकर मानवीय सेवा की मिसाल पेश की है। कमेटी डेरा बाबा जोध सचियार के प्रधान विनोद भयाना व महासचिव मदन मोहन ध्यान के दिशा निर्देश पर राहत भरी सामग्री से भरे ट्रक पंजाब आनंदपुर साहिब के लिए रवाना किया। वहीं, सेवा सिमरन सोसाइटी और गरीब परिवार सहायता समिति का काफी सहयोग रहा। पूर्व मेयर अवनीत कौर ने बताया कि बाढ़ के कारण हजारों परिवार बेघर हो गए हैं। जिसमें खाने, पीने और सोने की समस्याओं को देखते हुए पानीपत की जनता ने अपील पर सहयोग दिया। इसी के परिणाम स्वरूप आज गद्दे, बिस्तर, तिरपाल, सूखा राशन, टॉर्च, बैटरी, महिलाओं के लिए आवश्यक सामान और मच्छरदानी जैसी जरूरी वस्तुओं से भरे ट्रक पंजाब रवाना हुए। इस अवसर पर पूर्व मेयर सरदार भूपेंद्र सिंह डेरा बाबा जोध सचियार से जसपाल भयाना वेद बठला, कमल भयाना, राकेश भयाना, यशपाल ग्रोवर आदि उपस्थित रहे।

## इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में मनाया इंजीनियर डे

# भारत की तरक्की में अभियंताओं का महत्वपूर्ण योगदान

*भारत अगले दशक तक डीप टेक और इंजीनियरिंग की उत्कृष्टता के बल पर वैश्विक नेतृत्व को आगे बढ़ाएगा*



**पानीपत।** पाइट में इंजीनियर डे पर अतिथिगण का स्वागत करते हुए चेयरमैन हरिओम तायल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सतत विकास के लिए आवश्यक है कि हम नवाचार करें। इसके साथ ही पर्यावरण की भी देखभाल करें। हमारे युवा इंजीनियर देश को बदल रहे हैं। देश उनकी बदौलत तरक्की की राह पर है। यह बात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मुख्य पर्यावरण अभियंता भूपिंदर सिंह रिनवा ने कही। वह यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। पाइट में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स हरियाणा स्टेट सेंटर के सहयोग से इंजीनियर्स डे मनाया गया। भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में इंजीनियर्स डे मनाया जाता है। एनआइटी कुरुक्षेत्र से सीएसई विभाग के प्रोफेसर जितेंद्र छाबड़ा ने डीप टेक एंड इंजीनियरिंग एक्सीलेंस ड्राइविंग इंडिया टेकाडे विषय पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि डीप टेक से भारत तरक्की करेगा। भारतीय युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। भारत अगले दशक तक डीप टेक और इंजीनियरिंग की उत्कृष्टता के बल पर वैश्विक नेतृत्व को आगे बढ़ाएगा।

### छात्रों का मार्गदर्शन किया

इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.जेएस सैनी, ईसीई विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज अरोड़ा, कन्वीनर डॉ. पूनम जागलान, आइइआइ काउंसिल चेयरमैन आरएस मलिक, सचिव गौरव भाटिया, सदस्य सदस्य केसी सेठी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। इधर, पोस्टर प्रेजेंटेशन में थिंकर्स टीम प्रथम रही। मॉडल डिस्प्ले में एग्री-टेकीज टीम विजेता रही।

### पीएम मोदी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र व जन सेवा को समर्पित: मेयर कोमल


**पानीपत।** नगर निगम की मेयर कोमल सैनी पार्षदों के साथ बैठक करती हुई।

**पानीपत।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत ही नहीं अपितु विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता है। बाल्यकाल से ही देश सेवा में लगकर उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाले सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों को सफल बनाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। ये शब्द पानीपत नगर निगम महापौर कोमल सैनी ने नगर निगम पार्षदों की बैठक में कही। महापौर कार्यालय नगर निगम में भाजपा पार्षदों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मेयर कोमल सैनी ने की। वहीं, 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी पार्षदों से चर्चा की गई। सभी पार्षदों ने अपने सुझाव भी दिए। बैठक में पार्षद अनिल बजाज, जयदीप अरोड़ा, नवल जिंदल, कमल अरोड़ा, अश्वनी संधू, बिट्टू प्रजापति, अमित नारंग, धर्मवीर कश्यप, तरुण गांधी, संजीव दहिया, रोकी गहलोत, अनिल मदान, कुसुम भट्ट आदि पार्षदों ने भाग लिया।

